# MAKHANLAL CHATURVEDI NATIONAL UNIVERSITY OF JOURNALISM AND COMMUNICATION

## // UNIVERSITY LIBRARY //

## -: NEWS CLIPPING SERVICE -:

## DATE:21 JAN.2026

# एमसीयू में लगेगी काव्य कक्षा

भोपाल @ पत्रिका. माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय (एमसीयू) में 23 जनवरी को सुबह 11 बजे देश के पांच प्रसिद्ध कवि एक काव्य कक्षा लेंगे। इस कक्षा का नाम होगा 'काव्य का पंचामृत'। इस कार्यक्रम में युवा पीढ़ी के कवि रामायणधर द्विवेदी के साथ होंगे लखनऊ के डॉ. सुरेश, गाजियाबाद के मासूम गाजियाबादी, ग्वालियर के राजेश शर्मा और जबलपुर के सूरज राय सूरज। डॉ. पवित्र श्रीवास्तव ने बताया कि इस दिन सुभाषचंद्र बोस की जयंती भी है तो देश प्रेम इस कक्षा का मूल भाव होगा। एमसीयू परिसर में पहली बार नामी कवि एक साथ आ रहे हैं। वह स्टूडेंट्स को बताएंगे कि एक हजार शब्दों के लेख और दो घंटे के प्राइम टाइम शो भी नहीं कह सकते, वही बात एक शायर या कवि कैसे अपनी दो पंक्तियों में कह देते हैं।

NEWS CLIPPING SERVICE FROM 'MCNUJC LIBRARY
'PATRIKA '21 JANUARY.2026

# एमसीयू में वसंत पंचमी पर पहली बार काव्य कक्षा

भोपाल। माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय (एमसीयू) में 23 जनवरी, शुक्रवार को सुबह 11 बजे वसंत पंचमी के दिन देश के पांच प्रसिद्ध कवि एक काव्य कक्षा लेंगे, जिसका नाम होगा 'काव्य का पंचामृत'। इस कार्यक्रम में युवा पीढ़ी के सिद्ध कवि रामायणधर द्विवेदी के साथ होंगे लखनऊ के डॉ. सुरेशजी, गाजियाबाद के मासूम गाजियाबादी, ग्वालियर के राजेश शर्मा और जबलपुर के सूरज राय सूरज। इसके साथ ही महाकवि सूर्यकांत त्रिपाठी निराला की जयंती प्रसंग पर विनय उपाध्याय निराला का शब्द राग बताऐंगे। मीडिया प्रभारी डॉ. पवित्र श्रीवास्तव ने बताया कि इस दिन नेताजी सुभाषचंद्र बोस की जयंती भी है तो देश प्रेम इस कक्षा का मूल भाव होगा। एमसीयू परिसर में पहली बार मंचों के लोकप्रिय कवि एक साथ आ रहे हैं। वे बताएंगे कि जो बात एक हजार शब्दों के लेख-संपादकीय और दो घंटे के प्राइम टाइम शो भी नहीं कह सकते, वही बात प्रभावी ढंग से एक शायर या कवि कैसे अपनी दो पंक्तियों में गिने-चुने दस-बारह शब्दों में कह देता है।

NEWS CLIPPING SERVICE FROM 'MCNUJC LIBRARY
'HARIBHOOMI '21 JANUARY.2026

# सांदीपनी विद्यालय के विद्यार्थियों ने किया माखनलाल चतुर्वेदी विश्वविद्यालय का शैक्षणिक भ्रमण



**सिरोंज, देशबन्धु।** नवीन व्यवसायिक शिक्षा के अंतर्गत शासकीय सांदीपनी विद्यालय के आईटी-आईटीईएस संकाय के छात्र-छात्राओं ने भोपाल स्थित माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय का औद्योगिक/ शैक्षणिक भ्रमण किया। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय में संचालित मीडिया, जनसंचार, पत्रकारिता, इलेक्ट्रॉनिक एवं डिजिटल मीडिया, विज्ञापन एवं जनसंपर्क, कंप्यूटर अनुप्रयोग तथा शोध जैसे विविध विषयों की उन्नत शैक्षणिक गतिविधियों की जानकारी दी गई। छात्रों ने विश्वविद्यालय के आधुनिक मीडिया स्टूडियो, समृद्ध लाइब्रेरी एवं शोध सुविधाओं, व्यावहारिक प्रशिक्षण कक्षों तथा प्रोफेशनल मीडिया अभ्यास की कार्यप्रणाली का प्रत्यक्ष अवलोकन किया, जिससे उन्हें पत्रकारिता शिक्षा और संभावित करियर विकल्पों की व्यवहारिक समझ विकसित करने का अवसर मिला। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलगुरु विजय मनोहर तिवारी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए पत्रकारिता के क्षेत्र में विश्वविद्यालय की भूमिका, उद्देश्य और संभावनाओं से अवगत कराया।विश्वविद्यालय भ्रमण के पश्चात छात्र-छात्राओं ने वन विहार राष्ट्रीय उद्यान का भी भ्रमण किया।

NEWS CLIPPING SERVICE FROM 'MCNUJC LIBRARY
'DESHBANDHU '21 JANUARY.2026

# MCU में आठ साल बाद फिर पीएचडी में प्रवेश शुरू

**भोपाल।** माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय में लगभग आठ वर्षों के लंबे अंतराल के बाद पीएचडी में प्रवेश फिर से शुरू हो गए हैं। इसके लिए गत दिवस विज्ञापन जारी किया गया। विश्वविद्यालय के शैक्षणिक एवं शोध गतिविधियों की दिशा में यह महत्वपूर्ण कदम है। विवि प्रशासन द्वारा जारी विज्ञापन में जनसंचार, नवीन मीडिया प्रौद्योगिकी व अन्य विषयों में ४० से ज्यादा सीटों पर प्रवेश प्रस्तावित किया गया है।

PRADESH TODAY 20-01-2026

# पुस्तक मेले में पत्रकारिता विवि के पूर्व छात्रों की पुस्तकें लोकार्पित



स्वदेश ज्योति संवाददाता, भोपाल

नईदिल्ली में आयोजित पुस्तक मेले में सृजन बिंब प्रकाशन से प्रकाशित 16 पुस्तकों का विमोचन हुआ। इनमें चार पुस्तकें माखनलाल चतुर्वेदी पत्रकारिता विवि के चार पूर्व छात्रों की पुस्तकें हैं। इनमें रीमा दीवान की पुस्तक 'सृजन के शिखर' कुंवर इंद्रजीत सिंह की कृति 'पुष्पांजलि' (भक्ति गीत संग्रह), राजेश नामदेव, की पुस्तक 'राम नाम की लूट' और सतीश एलिया की पुस्तक 'सबसे बड़ा गुनाह' शामिल हैं। इस अवसर पर इंडिया टुडे के उपसंपादक शिवकेश मिश्र, शिक्षा निदेशालय दिल्ली सरकार के पूर्व उप शिक्षा निदेशक डॉ. जगदीश व्योम, साहित्यकार कमलेश भट्ट कमल, आशा इल्वाद्धी सहित अनेक साहित्यकार उपस्थित रहे।

NEWS CLIPPING SERVICE FROM 'MCNUJC LIBRARY
'SWADESH JYOTY '21 JANUARY.2026